दाता अपनी कृपा भक्तों पे बनाये रखना

दाता अपनी कृपा भक्तों पे बनाये रखना,
चरणों में आ बैठे चरणों से लगाए रखना।।

इक तुम ही सहारा हो, जीवन का किनारा हो,
मेरे दिल की धड़कन पे प्रभु नाम तुम्हारा हो,
मेरे रोम रोम में आप गुरुवर समाये रहना,
दाता अपनी कृपा भक्तों पे बनाये रखना,
चरणों में आ बैठे चरणों से लगाए रखना।।

सची श्रद्धा से हम तुमको ही बुलाते है,
इस मन के मंदिर में तेरी ज्योत जलाते है,
मेरे रोम रोम में आप गुरुवर समाये रहना,
दाता अपनी कृपा भक्तों पे बनाये रखना,
चरणों में आ बैठे चरणों से लगाए रखना।।

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/25566/title/data-apni-kripa-bhakto-pe-banaye-rakhna

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |